प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायाधीश, शामली।

Order No. 44 / A.O. -2024 Date- March 05th, 2024

प्रशासनिक आदेश

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली द्वारा पत्र दिनांकित 15.02.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली के लीगल एड डिफेंस काउसिल पैनल के गठन हेतु एक चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिल, एक डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिल तथा दो असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चयन हेतु क्रमशः कुल 13, 15 एवं 35 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निवेदित किया गया है।

पूर्व प्रशासनिक आदेश सं0 23 दिनांकित 02.02.2024 के माध्यम से उक्त चयन प्रकिया के लिए नियमानुसार समिति का गठन किया जा चुका है।

उक्त अनुक्रम में अधिसूचित किया जाता है कि एक चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिल, एक डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिल के चयनार्थ दिनांक 13.03.2024 (बुधवार) को एवं दो असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउसिल के चयनार्थ दिनांक 14.03.2024 (बृहस्पतिवार) को भोजनावकाश के उपरान्त समय 02:00 बजे दोपहर साक्षात्कार समिति के सदस्यों द्वारा विश्राम कक्ष, जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, शामली में सम्पन्न होगा। साक्षात्कार हेतु समस्त सम्बन्धित आवेदकगण नियत दिनांकों में समय 01:30 बजे दोपहर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली स्थित कैराना में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त आदेश जनपद न्यायालय, शामली की वेबसाइट पर अपलोड किया जायें एवं जनपद न्यायालय, शामली के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित हो एवं जनपद के समस्त बार संघों को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित हो।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उक्त आदेश का प्रकाशन स्थानीय समाचारपत्रों में कराने हेतु जिला सूचना अधिकारी, शामली को प्रेषित करें तथा इस सम्बन्ध में चयन समिति के समस्त सदस्यों एवं समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

(अनिल कुमार-XIII)
जनपद न्यायाधीश,
शामली।

Copy to all concerned for information and necessary action :-

By Order

Administrative. Officer
District Court, Shamli